

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

कांस 2025- पैरेट क्लच लेकर पहुंचीं उर्वशी

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 62 ■ गुरुवार, 15 मई 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

# मनपा चुनाव की सरगर्मियां बढ़ीं

■ ठाणे जिले में मनपा चुनाव के लिए भाजपा ने कसी कमर

■ पुराने शहर अध्यक्षों को हटाकर नए शहर अध्यक्ष नियुक्त

**उल्हासनगर.** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों की घोषणा चार सप्ताह के भीतर करने के निर्देश के बाद ठाणे जिले में दलीय प्रवेश का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बीच, चुनाव से पहले भाजपा ने ठाणे जिले के शहर अध्यक्ष को हटाकर उनके स्थान पर नया शहर अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। यह स्पष्ट हो रहा है कि भाजपा ने इन नए सेनापतियों के नेतृत्व में मनपा चुनाव लड़ने के लिए कमर कस रही है.

लोकसभा और विधानसभा चुनावों में शिवसेना (शिंदे), भाजपा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार) का महागठबंधन ठाणे जिले में विजयी हुआ। गठबंधन ने तीन में से दो लोकसभा सीटें और 18 में से 16 विधानसभा सीटें जीतीं। इससे पता चलता है कि जिले में महायुति का प्रभुत्व बढ़ गया है। भाजपा के 9 और शिवसेना के 6 विधायक हैं। इन दोनों पार्टियों की जिले में काफी ताकत है। हालांकि, इस बात को लेकर अलग-अलग अनुमान हैं कि क्या तीनों पार्टियां मनपा चुनाव महागठबंधन में लड़ेंगी या स्वतंत्र रूप से लड़ेंगी। इस बीच, जिले में अन्य दलों के पूर्व पार्षदों को अपनी पार्टी में शामिल करने के प्रयास शुरू हो गए हैं, जिसमें भाजपा और शिवसेना (शिंदे) दोनों ही अग्रणी हैं।

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे महानगरपालिका के कलवा क्षेत्र से 11 पूर्व राकांपा नगरसेवकों को पार्टी में शामिल कर विधायक जितेंद्र आव्हाड को चौंका दिया था। साथ ही इन पार्षदों को अपनी पार्टी में लेने की तैयारी कर रही भाजपा को भी बढ़ावा मिला।

इसके अलावा नवी मुंबई मनपा में अब तक भाजपा नेता गणेश नाईक का दबदबा रहा है। हालांकि, उपमुख्यमंत्री शिंदे अन्य दलों के पार्षदों को अपनी पार्टी में शामिल कराकर अपनी पार्टी की ताकत बढ़ाने की कोशिश में लगे हुए हैं। कुल मिलाकर जिले में दो सहयोगी दलों शिवसेना (शिंदे) और भाजपा के बीच नगरपालिका में सत्ता संघर्ष की संभावना है।

इस बीच, चुनाव से पहले भाजपा ने ठाणे जिले के शहर अध्यक्ष को हटाकर उनके स्थान पर नया शहर अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है।




### नये जिला प्रमुखों की नियुक्ति...

भाजपा ने ठाणे जिले के शहर अध्यक्ष को हटाकर उनके स्थान पर नया शहर अध्यक्ष नियुक्त किया है, जैसा कि भाजपा राज्य चुनाव अधिकारी विधायक चैनसुख संचेती ने एक बयान में घोषणा की। इस पत्र के अनुसार **संजय वाघुले** को ठाणे शहर अध्यक्ष पद से हटाकर उनकी जगह **संदीप लेले** को नियुक्त किया गया है। **जितेन्द्र डाकी** को ठाणे ग्रामीण अध्यक्ष पद पर बरकरार रखा गया है। भिवंडी शहर अध्यक्ष पद से **हर्षल पाटिल** को हटाकर उनकी जगह **रविकांत सावंत** को नियुक्त किया गया है। मीरा-भायंदर शहर अध्यक्ष पद से **किशोर शर्मा** को हटाकर उनकी जगह **दिलीप जैन** को नियुक्त किया गया है। नवी मुंबई शहर अध्यक्ष पद से **रामचंद्र घरत** को हटाकर उनकी जगह **डॉ. राजेश पाटिल** को नियुक्त किया गया है। **नरेंद्र सूर्यवंशी** को कल्याण शहर अध्यक्ष पद से हटाकर उनकी जगह **नंदू परब** को नियुक्त किया गया है। **प्रदीप रामचंदानी** को उल्हासनगर शहर अध्यक्ष पद से हटाकर उनकी जगह **राजेश वधारिया** को नियुक्त किया गया है।

## भाजपा की कालानी विरोधी रणनीति





कालानी के पूर्व समर्थक राजेश वधारिया को उल्हासनगर भाजपा जिलाध्यक्ष बनाए जाने से भाजपा ने आगामी मनपा चुनाव के लिए अपनी रणनीति साफ कर दी है। राजेश वधारिया के नेतृत्व में आगामी मनपा चुनाव की तैयारी भाजपा ने अभी से ही शुरू कर दी है। कालानी को घेरने के लिए भाजपा ने अभी से ही कमर कसना शुरू कर दिया है खबर मिली है कि कालानी खेमे से कई पूर्व नगरसेवक जल्द उनका दामन छोड़ने की तैयारी में है और भाजपा के संपर्क में आ गए हैं। वधारिया के जिलाध्यक्ष बनाए जाने से भाजपा की अंदरुनी कलह समाप्त होगी या नहीं यह भी देखने वाली बात होगी क्योंकि पूर्व अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी के कार्यकाल में भाजपा के कई गुट देखने को मिले थे। जिसका फायदा कालानी ने उठाया था। अब भाजपा की नई टीम की रणनीति क्या होगी यह आने वाला समय बताएगा।

## अंबरनाथ डी-मार्ट के पास 2 बाइक की टक्कर

### एक की मौत, महिला समेत दो गंभीर घायल




⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के केबी मुख्य महामार्ग पर मंगलवार रात में दो बाइक सवारों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई है. एक महिला ओर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं.

अंबरनाथ पुलिस से मिली रिपोर्ट के अनुसार डी मार्ट के समक्ष रात 11 बजे से घटना हुई है. रवि राधाकिशन खटवानी सुजुकी एक्सेस बाइक (क्र. एमएच 05 एफई 6881) पर एक महिला भाग्यश्री औंधकर को पीछे बिठाकर डी मार्ट से बदलापुर की तरफ जा रहा था. अंबरनाथ से रॉयल एनफील्ड हंटर नं. एमएच 05 एफके 7308 पर के चालक नवीन नरेंद्र थानवी (19) तेज रफ्तारी से वाहन चलाते आ रहे थे. ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए सुजुकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया. जिसके कारण सुजुकी चालक रवि खटवानी के सर पर गंभीर चोटें आने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई. पीछे बैठी महिला भाग्यश्री औंधकर गंभीर घायल हो गई है. रवि खटवानी अपने परिवार के साथ उल्हासनगर 4 में सतरामदास अस्पताल के पास रहते हैं। रॉयल इन्फील्ड चालक नवीन थानवी को आरोपी बनाया गया है. वह भी गंभीर घायल है. घायलों का उपचार अस्पताल में चल रहा है. दोनों बाइक का भी बड़ा नुकसान हुआ है. दुर्घटना के बाद लोग मोबाइल पर वीडियो बनाते देखे गए. एक व्यक्ति ने पुलिस को फोन कर के खबर किया.

## महानगर गैस की पाइपलाइन फूटी

■ गंध से निवासियों में दहशत



**डोंबिवली.** डोंबिवली पूर्व में पाथर्ली रोड पर सीमेंट कंक्रीटिंग का काम चल रहा था, तभी महानगर गैस पाइप की लाइन फट गई। यह घटना उस समय घटी, जब जेसीबी सड़क खोद रही थी। ठेकेदार सड़कों पर काम करते समय उचित ध्यान नहीं देते हैं और श्रमिकों को निर्देश भी नहीं देते हैं। इससे अक्सर पानी की पाइपलाइन और गैस पाइपलाइन टूट जाती है और इस घटना ने एक बार फिर ठेकेदार की लापरवाही को उजागर कर दिया है।

एमएमआरडीए डोंबिवली पूर्व के पाथर्ली क्षेत्र में सड़क पर सीमेंट कंक्रीटिंग का काम कर रहा है। बुधवार को दोपहर करीब दो बजे जब यह काम चल रहा था, तभी एक जेसीबी सड़क खोद रही थी, तभी महानगर की गैस पाइपलाइन टूट गई। गैस लाइन फटने की आवाज और गंध से क्षेत्र के निवासियों में भय का माहौल पैदा हो गया।

## थाहिरिया सिंह बाबा चौक से शास्त्री चौक तक पी-1, पी-2 पार्किंग योजना

■ 30 दिनों तक परीक्षण के आधार पर लागू

■ ट्रैफिक जाम से निपटने यातायात विभाग ने जारी की अधिसूचना



**उल्हासनगर.** ठाणे परिवहन विभाग के उल्हासनगर यातायात उपविभाग के उल्हासनगर-3 क्षेत्र में यातायात अधिक होने के कारण संत थाहिरिया सिंह बाबा चौक से शास्त्री चौक तक सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में दोपहिया और चार पहिया वाहन बेतरतीब ढंग से पार्क किए जाते हैं। परिणामस्वरूप, क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नियमित रूप से यातायात जाम रहता है। उक्त क्षेत्र में यातायात सुचारू एवं सुरक्षित प्रवाह सुनिश्चित करने तथा यातायात जाम से बचने के लिए संत थाहिरिया सिंह बाबा चौक से शास्त्री चौक तक सड़क पर यातायात जाम से बचना तथा जनता की सुविधा के लिए सुचारू एवं सुरक्षित यातायात प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए पी-1 व पी-2 पार्किंग सुविधा लागू की गई है. संत थाहिरिया सिंह बाबा चौक से शास्त्री चौक तक पी-1 और शास्त्री चौक से संत थाहिरिया सिंह बाबा चौक पी 2 का नियोजन किया गया है. ज्ञात हो कि हिराघाट से होटल डर्बी जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य अधर में रहने से पिछले दो माह से यह रोड बंद है और यातायात दरबार चौक से सेक्शन 17 के दोनों तरफा जा रहा है। ऐसे में यह उपरोक्त निर्णय लिया गया है

यह अधिसूचना अनुमोदन की तिथि से 30 दिनों के लिए परीक्षण के आधार पर कार्यान्वित की जा रही है। नमूना अधिसूचना के संबंध में कोई भी आपत्ति या सुझाव लिखित रूप में पुलिस उपायुक्त, शहर परिवहन शाखा, कार्यालय, तीन हाथ नाका, एल.बी.एस. को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। परिवहन विभाग, ठाणे शहर के पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने उक्त अधिसूचना जारी की है.

### 20 मई को टूटेगी तनिष्का रेजिडेंसी

**कल्याण.** डोंबिवली पूर्व में भारतरत्न डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की विरासत जमीन पर भू माफियाओं ने कब्जा कर उस आलीशान 8 मंजिला तनिष्का रेजिडेंसी का निर्माण कर लिया. महानगर पालिका ने ईमारत को जमींदोज करने की तैयारी कर ली है. उपायुक्त अधूत तावड़े की मानें तो इस इमारत को पुलिस बंदोबस्त के बीच 20 मई को धराशाई किया जाएगा. डोंबिवली के पास दावडी में वेंकटेश पेट्रोल पंप के पीछे सेंट जॉन स्कूल के सामने एवं वेंकटेश पेट्रोप पंप के पीछे डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के बेटे यशवंत अंबेडकर के नाम पर यह जमीन है. राजस्व दस्तावेजों पर डॉ.बाबा साहेब आंबेडकर के पौत्रों के प्रकाश आंबेडकर , आनंदराज आंबेडकर, भीमराव आंबेडकर और रमई तेलतुम्बडे का नाम है.

## उल्हास नदी में दूषित पानी का बहाव तुरंत बंद किया जाए

### 'मी कल्याणकर' संस्था की आयुक्त से मांग



**कल्याण.** उल्हास नदी में प्रवेश करने वाले सीवेज नालों को बंद किया जाना चाहिए। नदी-तल से जलभराव का उचित तरीके से निपटान किया जाना चाहिए। नाले का पानी सीधे नदी में बहता है। 'मी कल्याणकर' संस्था की ओर से कल्याण-डोंबिवली मनपा प्रशासन से इसे रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया है।

संस्था के प्रमुख नितिन निकम के साथ पूर्व नगरसेवक उमेश बोरगांवकर, कैलाश शिंदे, आरटीआई कार्यकर्ता श्रीनिवास घाणेकर, डॉ. प्रशांत पाटिल, व्यापारी संघ के राकेश मुथा, जयेश तिवारी, शशिकांत दयामा, रानी कपोते ने मनपा आयुक्त अभिनव गोयल और शहर अभियंता अनिता परदेशी से मुलाकात की.

कुछ दिन पहले आयुक्त ने उल्हास नदी के प्रदूषण का निरीक्षण किया था और नदी में प्रवेश करने वाले नालों को बंद करने के लिए कदम उठाने का वादा किया था।

पिछले कई वर्षों से नाबदान पंप की सफाई नहीं हुई है। बताया गया कि एक सप्ताह के भीतर डीपीआर तैयार कर ली जाएगी। 'मी कल्याणकर' संस्था के प्रतिनिधिमंडल को आयुक्त द्वारा तैयार की गई डीपीआर दिखाई। भविष्य में पानी की कमी को ध्यान में रखते हुए, सभी महानगरपालिका स्कूलों, कार्यालयों, उद्यानों और मैदानों में जहां बोरवेल उपलब्ध हैं, रेन हार्वेस्टिंग किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग की है कि सभी पंपों की सफाई की जाए, जिनकी पिछले कई वर्षों से सफाई नहीं हुई है।

## दोपहिया वाहन चोरी की 8 वारदातों का पर्दाफाश



■ 6 नाबालिगों की मदद से की गई थी चोरी

■ 1 आरोपी हिरासत में

■ क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने 8 दोपहिया वाहनों की चोरी का पर्दाफाश किया है। उक्त बाइक चोरी 6 नाबालिगों की मदद से की गई थी. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली ने बताया कि इस मामले में वाहनों को जब्त कर लिया गया है और एक व्यक्ति को हथकड़ी लगा दी गई है तथा बच्चों को समझाकर उनके माता-पिता को सौंप दिया गया है।

दोपहिया वाहन चोरी की संख्या में भारी वृद्धि हुई है और हर पुलिस स्टेशन में इसकी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इसी तरह 12 तारीख को क्राइम ब्रांच के पुलिस अधिकारी राजेंद्र थोरवे को सूचना मिली कि अमर डाई कंपनी के पास उल्हास नदी की ओर जाने वाली सड़क पर 6 से 7 लोग चोरी के दोपहिया वाहनों पर घूम रहे हैं। तदनुसार, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के मार्गदर्शन में, राजेंद्र थोर्वे, बबन बंदे, पवार, गणेश गावड़े, योगेश वाघ, मंगेश जाधव, अमर कदम, रितेश वंजारी, संजय शेरमाले, प्रसाद टोंडलीकर, रामदास उगले और ड्राइवर अविनाश पवार ने तुरंत अमर डाई कंपनी के पास जाल बिछाया और 7 लोगों को गिरफ्तार किया।

### मुख्य आरोपी भोला ईरानी की तलाश की जारी

पूछताछ के दौरान पता चला कि हर्षद भारत सुपे की उम्र 19 साल है और 6 बच्चे नाबालिग हैं। हर्षद ने पडघा और कल्याण तालुका पुलिस स्टेशनों के साथ-साथ वर्तक नगर पुलिस स्टेशन में अंबिवली के ईरानी इलाके से आरोपी भोला ईरानी के साथ दोपहिया वाहन चोरी करना कबूल किया। उसके पास से विभिन्न थाना क्षेत्रों से चुराए गए 8 दोपहिया वाहन जब्त किए गए हैं। इनकी कुल कीमत करीब चार लाख रुपये है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली ने बताया कि इस मामले में भोला ईरानी की तलाश की जा रही है तथा 6 नाबालिग बच्चों को समझौता पत्र देकर उनके माता-पिता के साथ घर भेज दिया गया है।

## बदलापुर नगरपालिका की वेबसाइट हैक

**बदलापुर.** भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात के दौरान, यह बात सामने आई थी कि भारत में विभिन्न सरकारी संस्थानों, कार्यालयों और स्थानीय स्वशासन निकायों की वेबसाइटों पर 15 लाख से अधिक साइबर हमले किए गए थे। राज्य के साइबर अपराध विभाग ने पुष्टि की है कि ठाणे जिले के कुलगांव बदलापुर नगर पालिका प्रशासन भी इसमें शामिल है। इसलिए, नगर पालिका की वेबसाइट फिलहाल बंद है। नगर निगम प्रशासन ने बताया है कि वेबसाइट पर दी गई जानकारी सुरक्षित है।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों पर हमले किये। उस युद्ध के दौरान, सोशल मीडिया, मीडिया और अन्य माध्यमों से एक अलग तरह का युद्ध लड़ा जा रहा था। इसमें साइबर हमले भी शामिल थे। इस दौरान भारत में विभिन्न सरकारी संस्थाओं, कार्यालयों और स्थानीय स्वशासन निकायों की वेबसाइटों पर भी साइबर हमले किये गये। आगे बताया गया है कि इस अवधि के दौरान लगभग 1.5 मिलियन साइबर हमले हुए। ये हमले पाकिस्तान, बांग्लादेश और इंडोनेशिया से हुए। दोनों देशों के बीच युद्ध विराम पर सहमति के बाद हमलों की संख्या में कमी आई। लेकिन तब तक कई वेबसाइटें हैक हो चुकी थीं। इन कुल हमलों में से लगभग 150 सफल रहे। ठाणे जिले में कुलगांव बदलापुर नगर पालिका की वेबसाइट पर भी हमला सफल रहा। कुलगांव बदलापुर नगर पालिका के मुख्य अधिकारी मारुति गायकवाड़ ने हमले की बात स्वीकार की। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा है कि वेबसाइट पर मौजूद सभी जानकारी सुरक्षित है। मारुति गायकवाड़ ने यह भी कहा कि एहतियात के तौर पर वेबसाइट फिलहाल बंद कर दी गई है।

## कुपोषित बच्चों को पूर्व छात्रों की ओर से राशन



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के उल्हास विद्यालय के 1986 बैच के पूर्व विद्यार्थियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सामाजिक जागरूकता और संवेदनशीलता पर आधारित पहल समाज को दिशा दे सकती है। हर साल अलग-अलग वंचित समूहों के लिए काम करने वाले इस समूह ने इस साल कुपोषण की गंभीर समस्या के खिलाफ एक प्रेमपूर्ण अभियान चलाया और शाहपुर तालुका के डोलखांब में आंगनवाड़ियों में कुपोषित बच्चों को पोषण और शैक्षिक सामग्री वितरित की।

10 मई को छात्रों ने अपने पूर्व शिक्षक भागवत के मार्गदर्शन में शाहपुर के डोलखांभ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान 19 आंगनवाड़ियों में कुपोषित बच्चों को भोजन से भरे कुल 120 बक्से, साथ ही ड्राइंग बुक्स, पेंसिल और बोर्ड जैसी शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए ये लंच बॉक्स न केवल भोजन थे, बल्कि बच्चों के लिए भावनात्मक सहारा भी थे।

इस पहल में पूर्व छात्र संजय सोपारकर, साहेबराव खरे, राजेंद्र मोरे, उज्वल चौधरी, प्रशांत सुरतकर, महेंद्र तांबे, जितेंद्र नंदवलकर और कविता मालवंकर ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर उनके पूर्व शिक्षक भागवत भी उपस्थित थे। अपने शिक्षकों की उपस्थिति में छात्रों के सामाजिक कार्य ने इस पहल को एक भावनात्मक और मूल्य-आधारित आधार दिया।

इसी कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शॉल और गुलदस्ते देकर सम्मानित किया गया। हर साल कुछ अलग करने के लिए दृढ़ संकल्पित ये पूर्व छात्र पहले ही कातकरी पाड़ा, ईंट भट्ठा मजदूरों की बस्तियों और आदिवासी क्षेत्रों में जाकर राहत कार्य कर चुके हैं।

### ड्रग्स देकर दुष्कर्म मामले में एक गिरफ्तार

**कल्याण.** टिटवाला में युवती के साथ हुए गैंगरेप मामले में पुलिस ने सात में से एक आरोपी अली हुसैन ईरानी को धरदबोचा है। अली हुसैन पर आरोपियों को ड्रग्स उपलब्ध कराने और पीड़िता को धमकाने का आरोप है. अदालत ने उसे 17 मई तक पुलिस हिरासत में रख कर पूछ ताछ करने का आदेश दिया है. पिछले दिनों टिटवाला के बल्याणी में रहने वाली एक 19 वर्षीय युवती को बंधक बनाकर उसके साथ कई दिनों तक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया था. आरोप है कि ड्रग्स का इंजेक्शन और शराब पिलाकर युवती के साथ कई दिनों तक सामुहिक बलात्कार किया गया.टिटवाला पुलिस ने इस संदर्भ में 7 के खिलाफ मामला दर्ज किया है. जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता लियाकत शेख का भी नाम शामिल है.

## कल्याण व विट्ठलवाडी ST बस डिपो में चोरों का आतंक



**कल्याण.** छुट्टियों का मौसम चल रहा है। नागरिक अपने परिवारों के साथ अपने गृहनगर लौटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस अराजकता के बीच, चोरों ने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के कल्याण और विट्ठलवाड़ी बस डिपो में सेंध लगा दी। बस में चढ़ते समय चोर उसके गले से सोने की चेन, मंगलसूत्र, हाथ से मोबाइल फोन और बैग छीनकर भाग रहे हैं। बस डिपो में चोरी की बढ़ती घटनाओं के कारण यात्रियों, विशेषकर महिलाओं में भय का माहौल है।

■ 85,000 रुपये चोरी

बदलापुर कात्रप क्षेत्र के निवासी प्रकाश नलवाडे मंगलवार को शिवपुर गांव के महाराजा होटल से विठ्ठलवाड़ी बस डिपो की यात्रा कर रहे थे। इस यात्रा के दौरान दोपहर एक बजे से शाम सात बजे के बीच अज्ञात चोर ने उनका 85,000 रुपये का बैग चोरी कर लिया. जब नलवाडे को पता चला कि उनका बैग चोरी हो गया है तो उन्होंने कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

■ 1 लाख 65 हजार रुपए की चेन उड़ाई

कल्याण पश्चिम स्थित आरटीओ ऑफिस भोईरवाड़ी क्षेत्र निवासी विजय उबाले (64) शनिवार सुबह कल्याण स्थित बस डिपो से अहिल्यानगर जा रहे थे। बस में चढ़ते समय एक चोर ने उनके गले से 1.65 लाख रुपये कीमत की चेन छीनकर फरार हो गए। यह घटना सुबह के समय घटी। उबाले ने महात्मा फुले पुलिस स्टेशन गए और शिकायत दर्ज कराई।

■ साढ़े चार लाख के आभूषण चोरी

पालघर के किराना दुकानदार बालू लामखड़े शनिवार सुबह अपने परिवार के साथ कल्याण न्यू बस डिपो से अहिल्यानगर जा रहे थे। सुबह अपने परिवार के साथ बस में चढ़ते समय एक चोर ने बालू लामखड़े और उनके बेटे के गले से सोने की चेन छीन ली। बालू लामखड़े ने साढ़े चार लाख के सोने के आभूषण चोरी होने की शिकायत महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है। कांस्टेबल पाटिल जांच कर रहे हैं।

### यात्रियों में भारी नाराजगी

हर साल छुट्टियों के मौसम में कल्याण बस डिपो पर चोरों की संख्या बढ़ जाती है। फिर भी, यात्री एसटी कॉर्पोरेशन द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने में विफलता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। यात्री मांग कर रहे हैं कि कल्याण और विट्ठलवाड़ी बस डिपो में सक्रिय चोरों पर नजर रखने के लिए निजी सुरक्षा प्रणालियां तैनात की जाएं। पिछले सप्ताह कल्याण बस डिपो से लाखों रुपए मूल्य का यात्री सामान चोरी हो गया।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास – लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## मैदान का शेर विराट कोहली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश के लोगों में पाकिस्तान के प्रति आक्रोश स्वाभाविक था। मगर सवाल है कि क्या ऐसे आक्रोश को किसी उन्माद में तब्दील होने की इजाजत दी जा सकती है, जो अपने ही देश के जिम्मेदार अधिकारी और उनके परिवार के खिलाफ आक्रामक दुर्व्यवहार पर उतर आए? भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष संबंधी सूचनाएं आधिकारिक रूप से देश के विदेश सचिव के रूप में विक्रम मिसरी लोगों तक पहुंचा रहे थे।

एक तरह से वे देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के सामूहिक प्रयासों का एक हिस्सा हैं। मगर भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की सूचना जारी करने के बाद उन्हें और उनके परिवार को सोशल मीडिया के जरिए निहायत फूहड़, आक्रामक अभद्रता और धमकियों का सामना करना पड़ा। उनकी बेटी के संपर्क को सार्वजनिक कर दिया गया।

सवाल है कि जिन लोगों ने विदेश सचिव और उनके परिवार के खिलाफ इस हद तक आनलाइन दुर्व्यवहार किया, क्या उन्हें कहीं से भी देश के प्रति निष्ठा और कर्तव्य भाव रखने वाला माना जा सकता है? इन्हीं लोगों ने पहलगाम में मारे गए नौसेना अधिकारी की पत्नी के खिलाफ भी अशोभन टिप्पणियां की थी।

इन घटनाओं के जोखिमों को देखते हुए ही कई नेताओं और पूर्व राजनयिकों ने एकजुट होकर विदेश सचिव का समर्थन किया है। साथ ही राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस पर गहरी चिंता जताई और इसकी सख्त निंदा की है। पहलगाम में आतंकवादियों के बर्बर हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर जो कार्रवाई की, वह एक स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी। इसका अर्थ है कि आतंकवादियों के खिलाफ कोई भी नरमी नहीं बरती जाएगी। मगर भारत सरकार ही अंतिम प्राधिकार है, जो यह तय करेगी कि आतंकवादियों के विरुद्ध कैसी प्रतिक्रिया हो। भारत की कार्रवाई के जवाब में पाकिस्तान ने अनुचित तरीके से गोलाबारी की, तो भारत ने उसका भी उचित जवाब दिया। विडंबना यह है कि आनलाइन दुर्व्यवहार करने वालों की कई बार अनदेखी कर दी जाती है। जबकि ऐसे लोगों से कानून के दायरे में उचित तरीके से निपटने की जरूरत है, ताकि इंटरनेट की दुनिया सच्चे लोगों के लिए सुरक्षित हो।

# आतंकवाद के खिलाफ पीएम मोदी का नया सिद्धांत

पहलगाम में आतंकियों के हाथों हुआ नरसंहार केवल निर्दोष लोगों के जीवन पर हमला नहीं था। यह भारत की अंतरात्मा पर भी किया गया आक्रमण था। इसके प्रत्युत्तर में भारत ने आतंकवाद रोधी कार्रवाई की नियम पुस्तिका के पुनर्लेखन का निर्णय लिया। ऑपरेशन सिंदूर वास्तव में राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों की रक्षा के लिए मोदी सरकार की आतंक को बर्दाश्त न करने और कोई समझौता न करने की नई नीति है।

यह आतंकवाद के खिलाफ मोदी सिद्धांत की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने टेलीविजन पर राष्ट्र के नाम संबोधन में आतंकवाद से निपटने के लिए अपने इस सिद्धांत की रूपरेखा प्रस्तुत की। हाल की घटनाओं के आधार पर निर्मित यह सिद्धांत आतंकवाद और बाहरी खतरों पर भारत की प्रतिक्रिया के लिए निर्णायक तौर-तरीके निर्धारित करता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सुनिश्चित किया कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने से लेकर आतंकी शिविरों पर सैन्य प्रहार करने तक का हर कदम सावधानीपूर्वक, योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से उठाया जाएगा। इस संदर्भ में सरकार ने उत्तेजना में कार्रवाई करने के बजाय रणनीतिक रूप से ठोस कार्रवाई के रास्ते को चुना। इससे पाकिस्तान और आतंकी समूह भारत की प्रतिक्रिया का अनुमान नहीं लगा सके। इसके कारण ही ऑपरेशन सिंदूर को आश्चर्यजनक सटीकता और पूर्ण प्रभाव के साथ अंजाम देना सुनिश्चित हो सका।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत की औपचारिक नीति को व्यक्त करता है। नई सामान्य स्थिति का परिचायक है ऑपरेशन सिंदूर। यह भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। प्रधानमंत्री के अनुसार इस आपरेशन ने आतंकवाद रोधी उपायों का नया मानक स्थापित किया है, जो नई सामान्य स्थिति को प्रकट करता है।



प्रधानमंत्री ने संबोधन में यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक नाम नहीं है, बल्कि यह देश के लाखों लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। इसके माध्यम से दुनिया को भारत की ओर से यह संदेश दिया गया कि बर्बरता का सामना संतुलित और सटीक बल प्रयोग से किया जाएगा। आतंकवाद के साथ पड़ोसी देश की साठगांठ अब कूटनीतिक आवरण या परमाणु हथियारों की धमकियों से जुड़ी बयानबाजी के पीछे नहीं छिप सकेगी।

मोदी सिद्धांत के तीन स्तंभ हैं। पहले प्रमुख स्तंभ में आतंकवादी घटनाओं का भारत की शर्तों पर निर्णायक उत्तर निहित है। भारत पर किसी भी आतंकवादी हमले का भारत की शर्तों पर ही करारा जवाब दिया जाएगा। देश आतंकवाद की जड़ों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि इसकी साजिश रचने वाले और प्रायोजक अपनी करनी का फल अवश्य भुगतें। इस सिद्धांत का दूसरा स्तंभ परमाणु हथियारों की धमकी देकर डराए जाने के प्रयासों के प्रति शून्य सहनशीलता है। इसका अर्थ है- भारत परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियों या दबाव के आगे बिल्कुल नहीं झुकेगा। इसमें इस बात पर भी बल दिया गया है कि परमाणु हथियारों को ढाल बनाकर आतंकवाद का बचाव करने के किसी भी प्रयास का सटीक और निर्णायक कार्रवाई से जवाब दिया जाएगा।

इस सिद्धांत का तीसरा स्तंभ यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों के बीच कोई अंतर नहीं किया जाएगा। ऐसी किसी भी घटना के संबंध में भारत न केवल आतंकवादियों, बल्कि उनके समर्थकों, दोनों को उत्तरदायी ठहराएगा। आतंक के खिलाफ मोदी सिद्धांत में यह भी स्पष्ट किया गया है कि आतंकवादियों को शरण देने, उन्हें धन देने या उनके लिए धन की व्यवस्था करने या आतंकवाद का समर्थन करने वालों को भी उनके समान ही परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुद्दे को वैश्विक संदर्भ में प्रस्तुत किया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने और उसको बढ़ावा देने वाले राष्ट्र अंततः अपना विनाश स्वयं कर लेंगे।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हमारे भीतर एकत्व और एकता का भाव जन्मजात है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# 'आपरेशन सिंदूर' से साफ संदेश

भारत-पाक संघर्ष विराम के बाद प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। आतंकवाद और बातचीत या व्यापार साथ-साथ नहीं चल सकते। सैन्य संघर्ष फिलहाल स्थगित किया गया है, वह समाप्त नहीं हुआ है। आपरेशन सिंदूर अब भारत की नई नीति है। इससे पहले तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने संयुक्त रूप से बयान जारी किया था कि संघर्ष विराम अस्थायी है, सेना नए अभियान के लिए तैयार है।

फिर राष्ट्र के नाम संबोधन के अगले दिन प्रधानमंत्री आदमपुर वायुसेना अड्डे पर सैनिकों से मिलने गए और वहां भी यही संकेत दिया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति यथावत है। इस तरह अचानक किए गए संघर्ष विराम के फैसले को लेकर पिछले दो-तीन दिनों से जो अटकलें लगाई और सवाल उठाए जा रहे थे, उन पर विराम लग जाना चाहिए। सेना बार-बार कहती रही है कि उसका सैन्य अभियान आतंकवाद के खिलाफ था। अब भी प्रधानमंत्री ने वही बात दोहराई है कि आतंकवाद को नेस्तनाबूद करना ही हमारा असल मकसद है। प्रधानमंत्री ने प्रकारांतर से पाकिस्तान और भारत के बीच के मसलों को सुलझाने के लिए मध्यस्थता के प्रस्ताव पर स्पष्ट कह दिया कि जब भी



बात होगी तो पाक अधिकृत कश्मीर और आतंकवाद पर ही होगी।

पहलगाम हमले के बाद आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमले किए थे। इसके साथ ही सरकार ने सप्रमाण दुनिया भर को बता दिया था कि उसका मकसद पाकिस्तान पर नहीं, बल्कि वहां चल रहे आतंकी संगठनों पर हमला करना था। मगर पाकिस्तान ने उसके जवाब में भारतीय सीमा के नागरिक ठिकानों पर गोलाबारी शुरू कर दी थी, जिसका जवाब देना जरूरी हो गया था। ऐसे में स्थिति लगातार संघर्ष के बढ़ते जाने की बन गई थी।

संघर्ष किस हद तक पहुंच जाता, कहना मुश्किल है। इसलिए सैन्य संघर्ष पर विराम और आतंकवाद के खिलाफ नई रणनीति बनाना जरूरी था। भारत शुरू से कहता रहा है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। फिर, उसका जोर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और दुनिया की शीर्ष शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाओं में शुमार होने पर है। ऐसे में पाकिस्तान के साथ लंबे समय तक सैन्य संघर्ष में उलझे रहना कोई समझदारी की बात नहीं होती। फिर, जिस तरह के वैश्विक समीकरण बने हैं, उसमें यह संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित रह पाता, यह कहना भी मुश्किल था।

इसके अलावा, दुश्मन देश के साथ तनाव के वातावरण में अगर कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहा हो तो उसे ठीक नहीं कहा जा सकता। संघर्ष विराम के बाद भी सीमा पर पाकिस्तानी सेना की तरफ से गोलीबारी थमी नहीं है। सेना ने आशंका जाहिर की है कि ऐसा वह आतंकवादियों की घुसपैठ कराने और हमारी चौकियों पर कब्जा करने की मंशा से कर रही होगी। शोपियां में तीन आतंकवादियों के मार गिराने की घटना भी संघर्ष विराम के बाद की है।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान पर किसी भी तरह विश्वास नहीं किया जा सकता। इस सैन्य संघर्ष के समय यह एक बार फिर उजागर हो गया कि पाकिस्तानी सेना का आतंकी संगठनों के साथ गहरे रिश्ते हैं। ऐसे में, अगर भारतीय सेना ने नई रणनीति के लिए कुछ समय का विराम लिया है, तो इसे अनुचित नहीं कहा जा सकता।

# दुनिया का सबसे बड़ा कब्रिस्तान

**जरा हट के**

क्या आप दुनिया की सबसे बड़े कब्रिस्तान के बारे में जानते हैं. यह केवल एक कब्रिस्तान ही नहीं है. बल्कि एक तरह का अजूबा है. इराक के नजफ शहर इस्लाम का एक पवित्र शहर माना जाता है. यहां पर मौजूद एक कब्रिस्तान का नाम वादी उस सलाम, इसका मतलब शांति की घाटी होता है. लेकिन यह कब्रिस्तान का ही नाम है. इसे दुनिया का सबसे बड़ा कब्रिस्तान माना जाता है और इतना ही नहीं बताया जाता है कि यहां बीते 1400 सालों से लोगों को आज तक दफनाया जा रहा है जिसमें अब तक लाखों लोगों को दफनाया जा चुका है.

### लाखों लोगों की है कब्रें

नजफ इराक का छोटा शहर नहीं है. 6 लाख की आबादी वाला यह शहर पवित्र माना जाता है. शहर से लगे कब्रिस्तान में लाखों लोग दफन हैं. और यह सब एक 10 किलोमीटर लंबी घाटी में है. यहां बीते 1400 सालों को दफनाया जा रहा है और ये सिलसिला कभी नही रुका है. यहां पर बड़ी खास हस्तियों की कब्रें बताई जाती है.



इस कब्रिस्तान के खास होने की एक वजह है. कब्रिस्तान के बारे में शिया मुस्लिम मानते हैं कि सारी पवित्र आत्माएं चाहे उन्हें कहीं भी दफनया गया हो, आखिर में यहां यहीं आएंगी. बहुत से पैगम्बर, राजा, शहजादे, सुल्तान आदि की यहां कब्र है. इनमें पैगम्बर हुद, पैगम्बर सालेह, आयातुल्ला सैयद, मोहम्मद बशीर अल सदर और अली बिन तालिब आदि की कब्रें यहीं पर हैं.

हैरानी की बात नहीं आसपास के इलाकों के कई लोग यहां दफनाए जाते होंगे यहां तक कि कई लोग दूसरे यहां कर आखिरी सांस लेना पसंद करते होंगे जिससे उन्हें मरने के बाद वादी उस सलाम में जगह मिल सके. इसमें पक्की ईंटों और प्लास्टर की कब्रें हैं. यहां तक कि कई कब्र कुछ मंजिला हैं.

अलग अलग तरह की कब्रें कई अमीरों ने कब्रें अलग ही तरह की बना रखी हैं. कुछ कब्रों को मजार या कमरे का आकार देकर उन पर गुंबद भी बनाया गया है तो वहीं कुछ कब्रों तक पहुंचने के लिए सीढ़ी से नीचे उतरना होता है. पुरानी कब्रें बहुत साधारण है, लेकिन 1930 और 1940 के दशक की कब्रों की अलग ही स्टाइल है. उनके ऊपर 10 फुट के गोलाकार सिरे हैं जहां से वे लोगों को पड़ोस की कब्रों से अलग दिख सकें.





# प्याज के क्रिस्पी पकौड़े

**सामग्री :**

- 2 बड़े प्याज
- 1 कप बेसन
- 1/4 कप चावल का आटा
- 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/4 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/4 चम्मच अजवाइन
- 1/4 चम्मच हींग
- 1 हरी मिर्च
- 2 बड़े चम्मच बारीक कटा हुआ हरा धनिया
- नमक स्वादानुसार
- तेल तलने के लिए

**विधि :**

सबसे पहले प्याज को छीलकर पतले और लंबे स्लाइस में काट लें। हाथों से हल्के से मसल लें ताकि उनके लच्छे अलग-अलग हो जाएं। इससे पकौड़े ज्यादा क्रिस्पी बनेंगे। एक बड़े कटोरे में बेसन और चावल का आटा डालें। इसमें लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, अजवाइन, हींग और नमक डालकर अच्छी तरह से मिला लें। चावल का आटा डालने से पकौड़े



बहुत ही कुरकुरे बनते हैं, इसलिए इसे जरूर डालें।

अब थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए गाढ़ा घोल तैयार करें। ध्यान रहे कि घोल में गुठलियां न पड़ें। घोल न तो बहुत पतला हो और न ही बहुत गाढ़ा, बल्कि ऐसा हो कि वह प्याज के स्लाइस पर अच्छी तरह से कोट हो जाए।

तैयार घोल में कटे हुए प्याज के स्लाइस और बारीक कटी हुई हरी मिर्च डालें। अच्छी तरह से मिलाएं ताकि प्याज के हर लच्छे पर बेसन का घोल लग जाए। अंत में बारीक कटा हुआ हरा धनिया भी मिला दें।

एक कड़ाही या गहरे फ्राइंग पैन में तेल गरम करें। तेल इतना गरम होना चाहिए कि उसमें पकौड़ा डालने पर वह तुरंत ऊपर आ जाए, लेकिन धुआं न निकले।

जब तेल गरम हो जाए, तो आंच को मध्यम कर दें। अब चम्मच या हाथ की मदद से थोड़ा-थोड़ा प्याज का मिश्रण तेल में डालें। एक बार में उतने ही पकौड़े डालें जितने कड़ाही में आसानी से आ जाएं, ज़्यादा न डालें। पकौड़ों को मध्यम आंच पर सुनहरा और क्रिस्पी होने तक तलें।

# हर पिता को अपने टीनेजर बेटे को सिखानी चाहिए ये आदतें

**जीवन में कभी नहीं होना पड़ेगा शर्मिंदा**

एक पिता सिर्फ अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाला ही नहीं होता, बल्कि अपने बच्चों का मार्गदर्शक, प्रेरणास्त्रोत और सबसे बड़ा संरक्षक भी होता है। खासकर अगर वह एक बेटे का पिता है, तो किशोरावस्था एक ऐसा समय होता है, जब उनका बेटा शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक बदलावों से गुजरता है। इस दौरान उसे सही दिशा दिखाने में सबसे अहम भूमिका पिता की ही होती है। पिता अपने अनुभवों और व्यवहार से अपने बेटे को जीवन की महत्वपूर्ण बातें सिखाते हैं, जो उसे एक अच्छा इंसान और सफल व्यक्ति बनने में मदद करती हैं। यहां ऐसी कुछ जरूरी बातों के बारे में बताया गया है, जिसके बारे में हर पिता को अपने बेटे को बताना चाहिए–

**आत्मनिर्भरता और जिम्मेदारी**

एक को अपने पिता बेटे को जीवन में आत्मनिर्भर बनना क्यों जरूरी है, यह जरूरी बताना चाहिए। उन्हें छोटे-छोटे फैसले खुद लेने, फाइनेंशियल समझ विकसित करने और अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेना भी सिखाना चाहिए, जो भविष्य में बेहद में जरूरी है।

**सही और गलत में फर्क करना**

एक पिता ही बेटे को नैतिकता और ईमानदारी का महत्व समझा सकता है और उन्हें यह बता सकता है कि हर परिस्थिति में सही रास्ता चुनना और अपने मूल्यों पर टिके रहना क्यों जरूरी है।

**असफलता से डरना नहीं**

पिता को अपने बेटे को



सिखाना चाहिए कि असफलता जीवन का हिस्सा है और हार से डरने की जगह सबक लेना चाहिए और दोबारा प्रयास करने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

**महिलाओं का सम्मान**

पिता ही अपने बेटे को अपने व्यवहार और शब्दों से सिखाते हैं कि महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार अपनाना कितना जरूरी है।

**आत्मरक्षा और मुश्किल समय में साहस**

इस उम्र में बेटे की चुनौतियां बढ़ जाती हैं। ऐसे में पिता को सिखाना चाहिए कि शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत कैसे बना जाए और मुश्किल समय में हिम्मत कैसे रखी जाए।

**अनुशासन और समय प्रबंधन**

पिता को यह बताना चाहिए कि समय की कद्र करने वाला व्यक्ति ही अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है, क्योंकि सफलता के लिए अनुशासन और समय का सही उपयोग जरूरी है।

**भावनात्मक संतुलन बनाए रखना**

एक पिता होने के नाते आपको अपने बेटे को यह सिखाना चाहिए कि गुस्सा, निराशा और उत्साह को कैसे संतुलित किया जाए।

**दोस्ती और नेटवर्किंग का महत्व**

सही दोस्त और मजबूत नेटवर्क जीवन में सफलता दिलाने में मदद करते हैं। बेटे को पिता से यह सिखना चाहिए कि अच्छे और बुरे दोस्तों में फर्क कैसे किया जाए।

**समाज और परिवार के प्रति जिम्मेदारी**

एक पिता ही बेटे को सिखाते हैं कि समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी क्या है। वे उसे एक अच्छा नागरिक बनने और परिवार के मूल्यों को बनाए रखने का महत्व भी समझाते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**वृषभ :** व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

**मिथुन :** घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। शत्रुभय रहेगा।

**कर्क :** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी। प्रमाद न करें।

**सिंह :** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे। निवेश शुभ फल देगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

**कन्या :** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा।

**तुला :** दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृश्चिक :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चिंता बनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यस्तता रहेगी।

**धनु :** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें। कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ सकता है। फालतू खर्च होगा। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। जोखिम बिलकुल न लें।

**मकर :** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है। यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। आशंका-कुशंका रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कुंभ :** फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। बजट बिगड़ेगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचित व्यक्तियों पर अंधविश्वास न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय होगी। संतुष्टि नहीं होगी।

**मीन :** यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कारोबारी सौदे बड़े हो सकते हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा, सावधानी रखें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# टेलकम पाउडर और बर्फ हटाएंगे कपड़ों से जिद्दी दाग

- **मिनटों में हो जाएंगे स्टैन फ्री**
- **जानें इस्तेमाल करने का सही तरीका**

कई बार कपड़ों से जिद्दी दाग को हटाना काफी मुश्किल भरा टास्क हो सकता है. विशेषकर जब वे नए या सफेद कपड़ों पर लग जाते हैं, तो पूरी ड्रेस बिगड़ जाती है. तमाम तरीके आजमाने और महंगे डिटर्जेंट का यूज करने से भी कुछ दाग साफ नहीं होते हैं. ऐसे में आप चाहें तो इन साधारण सी घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं.

कपड़ों से दागों को हटाने के लिए कई बार लोगों को काफी मेहनत करनी पड़ जाती है. लेकिन कुछ मामूली सी दिखने वाली चीजें भी काफी काम आ सकती हैं. ऐसी ही चीज हैं टेलकम पाउडर और बर्फ के टुकड़े, जिनके इस्तेमाल से आप कपड़ों पर लगे दाग चुटकियों में हटा सकते हैं. तो आइए जानते हैं इनको इस्तेमाल करने का तरीका.

### बर्फ से इस तरह से हटाएं दाग

कपड़ों पर लगे सख्त दाग को हटाने के लिए आइस क्यूब एक बेहतर तरीका हो सकता है. यह तकनीक



आपको तुरंत रिजल्ट्स देने में मदद कर सकती है. इसके लिए आपको केवल दो तीन आइस क्यूब की जरूरत होगी. अब सबसे पहले कपड़े को समतल जगह पर बिछा लें और दाग वाले हिस्से पर बर्फ के टुकड़े को रब करें. इस प्रक्रिया को 2 3 मिनट तक जारी रखें और फिर बची हुई बर्फ को दाग पर ऐसे ही रखा छोड़ दें. कुछ मिनट के बाद कपड़े पर लगे दाग का निशान कम हो जाएगा. अगर दाग बाकी रह गया हो, तो इस प्रोसेस को दो तीन बार आजमाएं, कपड़ों पर लगे सभी प्रकार के दाग मिनटों में मिट जाएंगे.

### टेलकम पाउडर इस तरह करें इस्तेमाल

कपड़ों के दाग हटाने के लिए टेलकम पाउडर भी काफी प्रभावी होता है, विशेषकर जब आपके कपड़े पर तेल के दाग लग गए हों. इस प्रकार के जिद्दी दाग को तुरंत मिटाने के लिए सबसे पहले कपड़े को बिछाकर दाग वाले हिस्से को सामने रखें. अब इस दाग पर इतना टेलकम पाउडर छिड़कें जिससे दाग पूरी तरह से छुप जाए और पाउडर की थिक लेयर बन जाए.

अब पाउडर को दस मिनट के लिए ऐसे ही रहने दें. इस तरीके से पाउडर तेल के दाग को सोख लेगा और दाग साफ हो जाएगा. अब कपड़े पर लगे पाउडर को झाड़कर हटा दें, इससे कपड़ा एकदम बेदाग नजर आएगा.

# घर और बालकनी में जरूर रखें स्नेक प्लांट

- **एयर प्यूरीफायर का करेगा काम**
- **सेहत और आपकी नींद भी सुधारे**

स्नेक प्लांट बेहद खूबसूरत पौधा है. इसकी पत्तियां सीधी और हार्ड सी होती हैं. हरे रंग के पत्तों पर पीले रंग की धारी जैसी होती है. इसे देखकर ऐसा लगता है जैसे कोई सांप हो. स्नेक प्लांट को घर के अंदर या बालकनी में आप रख सकते हैं. इसे जल्दी-जल्दी पानी देने की जरूरत नहीं होती है. इसका मेंटेनेंस भी बहुत अधिक नहीं है.

क्या आप जानते हैं कि स्नेक प्लांट को घर में रखने से घर की हवा शुद्ध हो सकती है? हवा में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को स्नेक प्लांट एब्जॉर्ब करने की क्षमता रखता है और घर में ऑक्सीजन लेवल को बढ़ा सकता है.

जब आप रात में सोते हैं तो स्नेक प्लांट ऑक्सीजन रिलीज करता है. ऐसे में आप इसे अपने बेडरूम में भी रख सकते हैं. कई बार बंद कमरे में हवा और ऑक्सीजन की कमी होती है, ऐसे में आप स्नेक प्लांट अपने घर के लिविंग रूम, बेडरूम में जरूर रखें.

इसकी सीधी और लंबी-लंबी पत्तियां देखने में बेहद सुंदर लगती हैं. इसे बतौर इनडोर प्लांट और बालकनी में रखकर अपने घर की सुंदरता में चार चांद लगा सकते हैं.

यह घर के अंदर लगा हो तो घर में घुसते ही मूड फ्रेश और स्ट्रेस-फ्री हो जाता है. घर के अंदर का वातावरण कंफर्टेबल लगता है. इससे एंजायटी, स्ट्रेस, टेंशन सभी चुटकी में दूर हो सकते हैं. कहा जाता है कि स्नेक प्लांट घर के अंदर रखने से पॉजिटिव एनर्जी आती है. घर का माहौल शांत बना रहता है. इससे घर में लड़ाई-झगड़े नहीं होते हैं. तो आपको भी गार्डनिंग का शौक है तो अपने घर की बालकनी, गार्डन या फिर घर के अंदर स्नेक प्लांट जरूर लगाएं. सुख-समृद्धि, विकास में भी इजाफा करता है.



लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### बनारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष की गाड़ी पर फायरिंग, मैकेनिक को लगी गोली

**वाराणसी.** वाराणसी में शिवपुर थाना क्षेत्र के शुद्धिपुर में बनारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश कुमार तिवारी की कार पर मनबढ़ युवकों ने फायरिंग की है। घटना के समय सतीश कुमार तिवारी वाहन में नहीं थे। एक मैकेनिक उनका वाहन ले जा रहा था। गोली शिवपुर निवासी मैकेनिक सोनू सोनकर के हाथ में लगी है। उसे बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। वह खतरे से बाहर है। शिवपुर पुलिस युवकों और उनकी कार की पहचान करने में जुटी है। युवकों की कार पर भारत सरकार लिखा था।

### एसएचओ और दरोगा सस्पेंड, रुपए लेकर अवैध हथियार छोड़ने में जांच के बाद एक्शन

**मेरठ.** यूपी में मेरठ एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने मंगलवार रात भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे एसएचओ भवाना विशाल श्रीवास्तव और दरोगा सतेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया। दोनों पर रुपये लेकर अवैध हथियार छोड़ने का आरोप था। मामला डीआईजी तक पहुंचा, जिन्होंने जांच के आदेश दे दिए। जांच में आरोप सही मिलने पर मंगलवार रात कार्रवाई की गई। लालकुर्ती पुलिस व स्वॉट टीम ने हाल ही में चेकिंग के दौरान सठला निवासी शारिब, हैदर खान और उवैद खान को गिरफ्तार किया था। उन पर कारतूस तस्करी का आरोप था। वह शूटिंग रेंज में प्रयुक्त होने वाले कारतूसों को घातक बनाकर सप्लाई करते थे। शारिब सठला के मदरसे में पढ़ रहा था। इसलिए सठला में अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। रविवार शाम को चौकी प्रभारी सठला सतेंद्र कुमार ने सठला में करीब 12 से 15 घर खंगाले। यहां से काफी लोगों को हिरासत में लिया गया। एक युवक से अवैध बंदूक तक बरामद हुई लेकिन सीओ सौम्या अस्थाना के जाते ही रुपये लेकर बंदूक को लौटा दिया गया। बरामद कारतूस छोड़ने के लिए भी रुपये की मांग की गई। इस बात की शिकायत किसी ने डीआईजी कलानिधि नैथानी से कर दी और उन्होंने जांच के आदेश दे दिए।

### दुल्हन की विदाई के वक्त बेहोश होकर गिर गया दूल्हा, अस्पताल ले जाते समय मौत

**कानपुर.** शादी की सारी रस्में लगभग पूरी हो चुकी थीं। दुल्हन के विदाई की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान दूल्हा बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजन आनन फानन में अस्पताल लेकर भागे। कानपुर ले जाते वक्त बीच रास्ते दूल्हे की मौत हो गई। दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। औंग थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी रविवार को थी। बारात कानपुर के नौबस्ता से आई थी। दूल्हा मोनू गौतम पुत्र श्यामसुंदर गाजे बाजे के साथ बारात लेकर रविवार देर शाम गांव पहुंचा था। शादी की रस्में शुरू हुईं। डीजे ऐडलाइट के साथ आगवानी हुई। जयमाल हुआ, भोर पहर मंडप के नीचे भांवरें पड़ीं, विवाह संपन्न हो गया। सोमवार सुबह कलेवा के बाद विदाई की तैयारी चल रही थी। सब कुछ सामान्य था। दुल्हन गाड़ी में आकर बैठ भी गई। इसी दौरान अचानक दूल्हा मोनू बेहोश होकर गिर पड़ा। लोग उसको उठाने के लिए दौड़ पड़े। औंग कस्बे के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां से उसे कानपुर के लिए रेफर किया गया। लेकिन बीच रास्ते ही उसकी मौत हो गई। युवती के भाई ने बताया कि अचानक दूल्हा मोनू बेहोश हुआ फिर अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई।

# भारत के 52वें CJI बने जस्टिस बीआर गवई






**नई दिल्ली.** न्यायमूर्ति बी. आर. गवई ने आज भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश (CJI) के रूप में शपथ ली। वह देश के पहले बौद्ध और दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश बने हैं। इससे पहले न्यायमूर्ति के. जी. बालकृष्णन दलित समुदाय से पहले CJI बने थे। न्यायमूर्ति गवई को राष्ट्रपति भवन में एक संक्षिप्त समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शपथ दिलाई। उन्होंने हिंदी में शपथ ली। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की जगह ली है जो 65 वर्ष की आयु होने पर मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। उनका कार्यकाल छह महीने से अधिक समय का होगा और वह 23 नवंबर तक पद पर रहेंगे।

### लंबित मामलों और बुनियादी ढांचे पर रहेगा ध्यान

शपथ ग्रहण से एक दिन पहले बार एंड बेंच को दिए इंटरव्यू में न्यायमूर्ति गवई ने कहा, "मैं हमेशा सामाजिक और आर्थिक न्याय का पक्षधर रहा हूं।" उन्होंने बताया कि न्यायपालिका में लंबित मामलों की संख्या को कम करना और निचली अदालतों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, "मैं सुप्रीम कोर्ट से लेकर निचली अदालतों तक लंबित मामलों की समस्या को प्राथमिकता से हल करना चाहता हूं। उच्च न्यायालयों का बुनियादी ढांचा बेहतर है, लेकिन निचली अदालतों में अब भी समस्याएं हैं।" उन्होंने माना कि उनका कार्यकाल केवल छह महीनों का है, इसलिए वे कोई बड़े वादे नहीं करना चाहते, लेकिन जो भी कर सकें, व्यावहारिक रूप से काम करेंगे।

### मामलों की लिस्टिंग को अधिक प्रभावी बनाने की योजना

न्यायमूर्ति गवई ने बताया कि न्यायालयों में मामलों की सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया लंबित मामलों को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा, "हमारे यहां अभी दो दिन गैर-महत्वपूर्ण मामलों और एक दिन नियमित मामलों के लिए होता है, जिससे नियमित मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है।" उन्होंने कहा कि वह अपने सहयोगी न्यायाधीशों के साथ इस पर चर्चा करेंगे और व्यावहारिक समाधान खोजने की कोशिश करेंगे।

### न्यायपालिका की विश्वसनीयता और भ्रष्टाचार पर टिप्पणी

हाल ही में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के घर कैश बरामद होने के मामले पर टिप्पणी करते हुए गवई ने कहा, "900 न्यायाधीशों में से ऐसे मामलों की संख्या बहुत कम है, लेकिन इतनी भी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। जनता हमारे ऊपर आखिरी उम्मीद के रूप में भरोसा करती है।" हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह इन-हाउस जांच समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की प्रक्रिया को तय नियमों के तहत ही देखेंगे।

### विविधता और प्रतिनिधित्व का समर्थन

न्यायमूर्ति गवई ने स्वीकार किया कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट में दलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए तेजी से पदोन्नत किया गया था। उन्होंने कहा, "विविधता से यह फायदा होता है कि विभिन्न पृष्ठभूमियों से आने वाले न्यायाधीश समाज की जमीनी हकीकतों को बेहतर समझते हैं।" उन्होंने यह भी बताया कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम हाईकोर्ट कॉलेजियमों से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों, खासकर महिलाओं को प्राथमिकता देने की अपील कर रहा है।

### न्यायिक नियुक्तियों में देरी और पारदर्शिता पर विचार

केंद्र सरकार द्वारा कॉलेजियम की सिफारिशों पर निर्णय में हो रही देरी को लेकर न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि वे सरकार के साथ संवाद स्थापित कर लंबित नियुक्तियों को जल्द से जल्द निपटाना चाहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नियुक्तियों में पारदर्शिता जरूरी है, लेकिन इसके साथ-साथ योग्यता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, "अगर कोई न्यायाधीश के परिवार से है, लेकिन योग्य है, तो केवल संबंध के कारण उसे नकारा नहीं जा सकता।"

# पाकिस्तान ने BSF जवान को छोड़ा

■ **अटारी बॉर्डर पहुंचे; परिवार भी मौजूद**



**अमृतसर.** सीमा सुरक्षा बल (BSF) का जवान पूर्णम कुमार शॉ 23 अप्रैल 2025 से पाकिस्तान रेंजर्स की हिरासत में थे। आज सुबह लगभग 10:30 बजे पाकिस्तान ने उन्हें भारत को सकुशल सौंप दिया है। यह प्रत्यर्पण अमृतसर के अटारी स्थित संयुक्त चेक पोस्ट के माध्यम से शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। आपको बता दें कि वह गलती से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर पाकिस्तान की सीमा में प्रवेश कर गए थे। इसके बाद पाकिस्तान रेंजर्स ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इस घटना को लेकर भारत ने तुरंत पाकिस्तान से उच्च स्तरीय संवाद शुरू किया और जवान की सुरक्षित वापसी की मांग की।

सीमा सुरक्षा बल पंजाब फ्रंटियर ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, "बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को आज सुबह 10:30 बजे पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा अटारी-वाघा संयुक्त चेक पोस्ट के माध्यम से भारत को सौंपा गया। यह हैंडओवर शांति पूर्ण तरीके से और निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत किया गया।" इस समय उनका परिवार भी मौजूद था।

आपको बता दें कि उनकी पत्नी रजनी शॉ गर्भवती हैं। वह अपने पति के पाकिस्तान के कब्जे से छुड़ाने के लिए विभिन्न स्तरों पर गुहार लगा रही थीं। आखिरकार भारत सरकार ने डिप्लोमैटिक चैनल के जरिए पाकिस्तान पर दबाव बनाया और आखिरकार पाकिस्तान को छोड़ना पड़ा। रजनी ने फिरोजपुर में बीएसएफ के कमांडिंग ऑफिसर से मुलाकात की थी। बीएसएफ अधिकारियों से आश्वासन मिलने के बाद वह अमृतसर होते हुए अपने बेटे, बहनों और देवर के साथ वापस कोलकाता लौट गई थीं।

# शोपियां में हथियारों का जखीरा बरामद

**श्रीनगर.** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद भी सुरक्षाबलों का ऑपरेशन लगातार जारी है। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के केलर में बुधवार को भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। इसमें AK-47 गन समेत कई तरह की बंदूकें, हैंड ग्रेनेड, हजारों की संख्या में गोलियां शामिल है।



केलर में ही 13 मई को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा (LeT) के तीन आतंकवादी मारे गए थे। शोपियां जिले के केलर स्थित शुकरू फॉरेस्ट एरिया में मंगलवार को शाम 4.30 बजे मुठभेड़ खत्म हुई थी। इसे ऑपरेशन को केलर नाम दिया गया था। मारे गए आतंकियों में लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर शाहिद अहमद कुट्टी भी शामिल था।

# ट्रंप ने फिर की सरपंच बनने की कोशिश

■ **कहा- भारत और पाकिस्तान साथ डिनर करे**



**नई दिल्ली.** भारत-पाकिस्तान के तनावपूर्ण सबंध के बीच भारत के द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जबरन मध्यस्थता करने की कोशिश कर रहे हैं। जबरन दोनों देशों के विवाद को सुलझाने के लिए सरपंच बनने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने सऊदी अरब में एक संबोधन के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष विराम को अपनी सरकार की शांति स्थापना की उपलब्धि करार दिया है। उन्होंने यहां तक कहा कि भारत और पाकिस्तान को एक साथ डिनर पर जाना चाहिए ताकि तनाव और कम हो सके। आपको यह भी बता दें कि भारत ने बार-बार कहा है कि पाकिस्तान से पीओके और आतंकवाद पर ही सिर्फ बात होगी। और किसी की मध्यस्थता हमें स्वीकार नहीं। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मौजूदगी में हुए यूएस-सऊदी इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित करते हुए ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने दोनों परमाणु संपन्न पड़ोसी देशों के बीच संभावित परमाणु युद्ध को टालने में अहम भूमिका निभाई।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, "कुछ ही दिन पहले मेरे प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच एक ऐतिहासिक संघर्ष विराम कराने में सफलता हासिल की। हमने इसमें व्यापार को एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया। मैंने कहा कि दोस्तों, आओ कुछ ट्रेड करो। न्यूक्लियर मिसाइल्स का नहीं, बल्कि उन चीजों का जो तुम खूबसूरती से बनाते हो।" उन्होंने आगे कहा, "दोनों ही देशों के पास बहुत ताकतवर और समझदार नेता हैं। और यह सब रुक गया। उम्मीद है ऐसा ही बना रहेगा।"

**पाक के पूर्व पीएम इमरान खान को अब भी डर**

# हमला कर सकता है भारत



**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान जेल में बंद हैं, लेकिन भारत से तनाव पर उनकी पूरी नजर है। इमरान खान से जेल में मुलाकात करने उनकी बहनें पहुंची थीं। उन्होंने मीटिंग के बाद बताया कि इमरान खान को डर है कि भारत ने भले ही सीजफायर स्वीकार कर लिया है, लेकिन अब भी हमला हो सकता है। इमरान खान की बहन अलीमा खान ने कहा कि भाई को इस बात की चिंता है कि अब भी भारत अटैक कर सकता है। उन्होंने पाकिस्तान की सेना और सरकार से अलर्ट रहने को कहा है। जेल प्रशासन की तरफ से इमरान खान की बहनों को 8 सप्ताह के बाद मिलने की परमिशन दी गई थी।

पाकिस्तानी अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार अलीमा ने इमरान से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा, 'उन्होंने कहा कि भारत की तरफ से अब भी अटैक हो सकता है। इमरान खान ने कहा कि नरेंद्र मोदी पाकिस्तान से नफरत करते हैं और गुस्से में फिर से कोई अटैक कर सकते हैं।' इमरान खान के हवाले से अलीमा ने कहा कि जंग में 60 फीसदी जंग तो मानसिक ही होती है। मुझे डर है कि नरेंद्र मोदी फिर से अटैक कर सकते हैं। अलीमा ने कहा कि इमरान खान ने देश की चिंताओं पर बात की। इमरान खान की ओर से इस दौरान मिलिट्री कोर्ट में चल रहे मुकदमों को लेकर भी बात की।

# अब बुलेटप्रूफ कार में चलेंगे जयशंकर

■ **भारत-पाक तनाव के बीच विदेश मंत्री की बढ़ाई गई सुरक्षा**



**नई दिल्ली.** पाकिस्तान के साथ जारी गतिरोध और पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत में हाई अलर्ट जारी है। इस बीच खबर सामने आ रही है कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की सुरक्षा कड़ी करने की प्रक्रिया दिल्ली पुलिस ने शुरू कर दी है। उन्हें बुलेटप्रूफ कार दी गई है। दिल्ली में उनके आवास के आसपास भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जयशंकर को पहले से ही जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है, जो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो द्वारा प्रदान की जाती है। उनकी सुरक्षा के लिए 33 कमांडो की एक टीम चौबीसों घंटे तैनात रहती है।

सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में वीआईपी नेताओं की सुरक्षा को लेकर समीक्षा की थी। बैठक में उन नेताओं को विशेष सुरक्षा देने पर चर्चा हुई जिन्होंने हाल के दिनों में पाकिस्तान के खिलाफ कड़े बयान दिए थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और बीजेपी के करीब 25 प्रमुख नेताओं की सुरक्षा की भी समीक्षा की जाएगी। इनमें केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, भूपेंद्र यादव, सांसद निशिकांत दुबे, सुधांशु त्रिवेदी और वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी शामिल हैं।

आपको बता दें कि पहलगाम हमले के बाद से विदेश मंत्री एस जयशंकर लगातार प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठकों में शामिल होते रहे हैं। उन्होंने आतंकवाद और पाकिस्तान की नीतियों के खिलाफ लगातार बयान भी दिए हैं।

# नए शेड्यूल ने रोमांचक बनाई लीग

■ **आखिरी 2 दिन तय करेंगे प्लेऑफ पोजिशन**

■ **एक भी मैच हारी तो कोलकाता-लखनऊ बाहर**

BCCI ने 12 मई को IPL का नया शेड्यूल रिलीज किया। लीग स्टेज के 13 ही मैच बचे हैं। 3 टीमें प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं, जबकि 7 टीमों में टॉप-4 की जंग हैं।

नए शेड्यूल ने टूर्नामेंट को और भी रोमांचक बना दिया। आखिरी 2 दिनों में लखनऊ, मुंबई, पंजाब और बेंगलुरु के मैच हैं। चारों ही टीमें प्लेऑफ की रेस में हैं और आखिरी मुकाबलों के नतीजों से टॉप-2 स्पॉट भी तय होंगे। गुजरात 11 मैचों में 8 जीत से 16 पॉइंट्स लेकर पहले नंबर पर है। टीम के 3 मैच दिल्ली, लखनऊ और चेन्नई से बचे हैं। टाइटंस इनमें से एक भी मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। हालांकि, टीम को टॉप-2 में फिनिश करना है तो कम से कम 2 मैच जीतने होंगे। तीनों मैच जीतकर GT टॉप-2 में अपनी पोजिशन कन्फर्म कर लेगी।

बेंगलुरु के भी 11 में से 8 जीत से 16 पॉइंट्स हैं, लेकिन गुजरात से खराब रन रेट के कारण टीम दूसरे नंबर पर है। RCB को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिए 3 में से 1 ही जीत चाहिए। टीम को कोलकाता, हैदराबाद और लखनऊ से भिड़ना है।

### पॉइंट्स टेबल

| रैंक | टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पॉइंट्स | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GT | 11 | 8 | 3 | 0 | 16 | 0.793 |
| 2 | RCB | 11 | 8 | 3 | 0 | 16 | 0.482 |
| 3 | PBKS | 11 | 7 | 3 | 1 | 15 | 0.376 |
| 4 | MI | 12 | 7 | 5 | 0 | 14 | 1.156 |
| 5 | DC | 11 | 6 | 4 | 1 | 13 | 0.362 |
| 6 | KKR | 12 | 5 | 6 | 1 | 11 | 0.193 |
| 7 | LSG | 11 | 5 | 6 | 0 | 10 | -0.469 |
| 8 | SRH | 11 | 3 | 7 | 1 | 7 | -1.192 |
| 9 | RR | 12 | 3 | 9 | 0 | 6 | -0.718 |
| 10 | CSK | 12 | 3 | 9 | 0 | 6 | -0.992 |

# 27 मई को केरल पहुंचेगा मानसून

■ **9 दिन पहले अंडमान पहुंचा मानसून**

■ **बिहार-छत्तीसगढ़ समेत 14 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट**

■ **बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 41° पार**



**नई दिल्ली.** मौसम विभाग (IMD) ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून बुधवार को बंगाल की खाड़ी पहुंच गया। यह 27 मई को केरल में दस्तक देगा। मौसम विभाग ने बिहार-छत्तीसगढ़ समेत 14 राज्यों में आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की है। गुजरात, असम समेत 9 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। वहीं, झारखंड और उत्तर प्रदेश में एक बार फिर गर्मी बढ़ सकती है और यहां उमस की संभावना है।

राजस्थान के 11 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को दोपहर बाद अलवर, भरतपुर, जयपुर समेत कई शहरों में बारिश हुई। वहीं, बाड़मेर, जैसलमेर में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

मानसून ने मंगलवार को निकोबार द्वीप समूह पर दस्तक दी थी। हर साल 22 मई के आसपास अंडमान में प्रवेश करने वाला मानसून इस साल नौ दिन पहले आया है।

मौसम विभाग ने कहा कि अंडमान सागर के ऊपर चक्रवात जैसी स्थिति बन रही है। इससे 16 से 22 मई के बीच कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है, जो 23 से 28 मई के बीच साइक्लोन 'शक्ति' का रूप ले सकता है।

अगर यह साइक्लोन बनता है, तो 24 से 26 मई के बीच ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटीय इलाकों पर असर डाल सकता है।

# हरियाणा में पाकिस्तानी जासूस पकड़ा

**पानीपत.** हरियाणा के पानीपत से पुलिस ने पाकिस्तानी जासूस पकड़ा है। वह पाकिस्तानी आतंकी इकबाल के टच में था। उसे वॉट्सऐप व अन्य सोशल मीडिया एप के जरिए भारत की खुफिया जानकारी भेज रहा था।

पुलिस ने उसके नंबर से हो रही संदिग्ध गतिविधि को ट्रेस करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। शुरूआती जांच में पता चला कि पकड़ा गया जासूस नौमान इलाही मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कैराना का रहने वाला है। वहां यहां एक फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। पानीपत के कार्यकारी SP गंगाराम पूनिया ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि शुरुआती जांच में जासूसी के आरोप सही मिले हैं।

# अली खान को महिला आयोग ने किया तलब

■ **कर्नल सोफिया पर की थी टिप्पणी**

**सोनीपत.** हरियाणा राज्य महिला आयोग ने अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को नोटिस जारी किया है और बुधवार को पेशी के बुलाया है।

एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद का कहना था कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद महिला अफसरों को आगे करना एक दिखावा है और नैरेटिव खड़ा करने की कोशिश है। उनकी इस टिप्पणी का राज्य महिला आयोग ने संज्ञान लिया है और इसे आपत्तिजनक माना है। आयोग का कहना है कि महमूदाबाद की टिप्पणी बहादुर महिला अधिकारियों को कमतर आंकने वाली है। इसके अलावा सांप्रदायिक ताने-बाने को भी नुकसान पहुंचाने वाली है। बता दें कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने मीडिया को संबोधित किया था और ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी थी।

# पाक सरकार से खूंखार आतंकी अजहर मसूद को मिल सकते हैं 14 करोड़ रुपए



पाकिस्तान की सरकार ने भारत के हमलों में मारे गए लोगों के परिजनों को 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। उसकी इस स्कीम का सबसे बड़ा फायदा खूंखार आतंकी अजहर मसूद को ही मिलता दिख रहा है। अजहर मसूद के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के बहावलपुर स्थित मुख्यालय पर भारत ने एयर स्ट्राइक की थी। इन हवाई हमलों में जैश के मुख्यालय को जबरदस्त नुकसान पहुंचा। इसके अलावा उसके परिवार के ही 10 लोग मारे गए थे। 4 अन्य लोग उसके करीबी थे, जो मारे गए। अब इन सभी लोगों की एवज में 14 करोड़ रुपये अजहर मसूद और उसके करीबियों के परिवारों के खाते में जाएंगे। इस तरह पाकिस्तान सरकार की ओर से मदद के नाम पर जारी रकम सीधे तौर पर आतंकियों और उनके परिवारों को मदद देगी।

पाकिस्तान पीएमओ की ओर से जारी प्रेस रिलीज में एक करोड़ रुपये की सहायता राशि का ऐलान हुआ था। अब मदद के नाम पर जारी इस रकम का सीधा फायदा मसूद अजहर को ही मिलेगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने हाफिज सईद के मुरीदके स्थित ठिकाने और फिर बहावलपुर में जैश के ठिकानों पर जोरदार हमले किए थे। बहावलपुर पर भारत के इस भीषण हमले ने आतंकी आकाओं को भी हिला दिया। जैश के इस मुख्यालय को उस्मान अली परिसर के नाम से भी जाना जाता है। यहीं पर जामिया मस्जिद शुभान अल्लाह भी स्थित है, जिस पर हमले का आरोप पाकिस्तान ने भारत पर लगाया था।

## आम सूचना

मैं श्री जगदीश रामीरीपाल मौर्या सभी को सूचित कर रहा हूं कि ओम गणेश कृपा कालोनी, चाल नं. 9, शॉप नं. 9, डॉ. भगवानदास हॉस्पिटल के पीछे, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 56डीआय013282200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती तारादेवी मोर्या के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 12.5.2025 सी.नं. 257 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री जगदीश रामीरीपाल मौर्या**

## आम सूचना

मैं श्री अर्जुन तुलसीराम रिसवाल सभी को सूचित कर रहा हूं कि वुडन हट, ब्लॉक ए-6 के पीछे, सी ब्लाक रोड, संत रोहिदास नगर, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 09एओ015001600) उक्त प्रॉपर्टी श्री तुलसीराम डी. रिसवाल के नाम पर है। उनका निधन 27.10.2011 को हुआ और गजराबाई तुलसीराम रिसवाल का निधन 19.4.2019 को हो गया है। श्री गणेश तुलसीराम रिसवाल, श्री भाऊसाहेब तुलसीराम रिसवाल व श्री दिनेश तुलसीराम रिसवाल ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 13.5.2025 सी.नं. 74/2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती आशा उत्तम गांगुर्डे**

## संक्षेप...

### जून महीने में जनता के लिए खोला जा सकता है 'गोराई मैंग्रोव पार्क'

**मुंबई.** मुंबईवासियों और पर्यावरण प्रेमियों को जल्द ही एक अनूठा तोहफा मिलने वाला है। गोराई क्षेत्र में स्थित 'गोराई मैंग्रोव पार्क' जून महीने में जनता के लिए खोला जा सकता है। यह पार्क सिर्फ हरियाली का आनंद लेने की जगह नहीं, बल्कि एक ऐसा प्राकृतिक पाठशाला होगा, जहां लोग मैंग्रोव वनों की जैव विविधता, तटीय पारिस्थितिकी और पक्षी जीवन को बेहद करीब से देख और समझ सकेंगे। इस पार्क की सबसे खास बात है- 740 मीटर लंबा लकड़ी का बोर्डवॉक (पादचारी पुल)। यह बोर्डवॉक घने मैंग्रोव से गुजरता हुआ आपको व्यूइंग डेक और बर्ड वॉचिंग टॉवर तक ले जाएगा, जहां से गोराई खाड़ी का सुंदर दृश्य देख सकेंगे और यह सब बिना प्रकृति को कोई क्षति पहुंचाए।

#### 0.6675 हेक्टेयर में फैला है पार्क

इस मैंग्रोव पार्क की परिकल्पना तत्कालीन पालक मंत्री विनोद तावड़े ने की थी। वर्ष 2021 में मंजूरी मिलने के बाद इस परियोजना को महाराष्ट्र वन विभाग की मैंग्रोव सेल ने आकार दिया। 0.6675 हेक्टेयर में फैले इस पार्क का निर्माण करीब 33.43 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। यह 8 हेक्टेयर के मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) का हिस्सा है।

# मुंबई को दहलाने की धमकी भरा ईमेल




**मुंबई.** मुंबई को दहलाने की धमकी भरा ईमेल एक बार फिर मुंबई पुलिस को मिला है. मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को इसकी सूचना मिली है कि एक अज्ञात शख्स ने ईमेल कर यह दावा किया है कि एक-दो दिन में शहर में बड़ा बम ब्लास्ट होने वाला है. ईमेल में यह भी लिखा गया है कि यह विस्फोट कब और कहां होगा, इसके बारे में पता लगाने का कोई समय नहीं है. इसलिए अगर राज्य या देश में कहीं भी ऐसा संभव हो तो इसे नजरअंदाज न करें. पुलिस को इस मेल के बारे में सारी जानकारी दे दी गई है. अब मेल भेजने वाले शख्स की तलाश जारी है.

मुंबई की साइबर टीम आईपी एड्रेस के जरिए धमकी भेजने वाले का पता लगाने की कोशिश कर रही है. जब तक उसका पता नहीं लग जाता, मुंबई पुलिस हाई अलर्ट पर है. अब तक धमकी के जितने भी मामले आए हैं, वे सभी फर्जी निकले हैं. हालांकि, पुलिस ऐसी किसी भी धमकी को हल्के में लेने की गलती नहीं करती. जब तक आरोपी सेंडर का पता नहीं लग जाता, पुलिस अलर्ट रहती है.

#### पहले भी मुंबई पुलिस को मिली है ऐसी धमकी

इससे पहले मई की शुरुआत में ही मुंबई पुलिस को एक कॉल आया था, जिसमें ऐसे ही धमाके की धमकी दी गई थी. आरोपी कॉलर का कहना था कि अंधेरी ईस्ट के एक फ्लैट में एक बैग में बम रखा है. इस कॉल के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था. मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच की तो पता चला कॉल झूठा था. आरोपी मानसिक रूप से अस्वस्थ था. इसलिए पुलिस ने गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं की.

# लोकल ट्रेन यात्रियों के लिए रेलवे की लकी यात्री योजना



- 10,000 नकद और हर हफ्ते 50,000 एक बंपर पुरस्कार

**मुंबई.** लोकल ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है. रेलवे की लकी यात्री योजना के तहत अब हर दिन एक लकी यात्री को 10,000 रुपये का नकद पुरस्कार और हर हफ्ते 50,000 रुपये का एक बंपर पुरस्कार दिया जाएगा. मुंबई लोकल ट्रेन में सफर करने वालों के लिए रेलवे की तरफ से शुरू की गई यह योजना 20 मार्च से शुरू की गई है. योजना को आने वाले 8 सप्ताह तक चालू रखा जाएगा, रेलवे की इस योजना का मकसद खास कर उन लोगों को टारगेट करना है जो बिना टिकट यात्रा करते हैं, जिससे रेलवे को नुकसान होता है. ऐसे में रेलवे का मकसद यात्रियों को टिकट के लिए प्रोत्साहित करना भी है.

सेंट्रल रेलवे पर रोज़ाना औसतन 40 लाख यात्री सफर करते हैं, अनुमान के मुताबिक, इनमें से करीब 20% यात्री बिना टिकट यात्रा करते हैं. नियमित जांच अभियानों के दौरान हर दिन 4,000 से 5,000 टिकटलेस यात्रियों को पकड़ा जाता है. इस योजना के जरिए सेंट्रल रेलवे का मकसद टिकटलेस यात्रा को हतोत्साहित करना और वैध टिकट के साथ यात्रा करने की आदत को बढ़ावा देना है.

#### 4-5 हजार से ज्यादा बिना टिकट यात्री

डेटा के मुताबिक मुंबई लोकल ट्रेन में हर दिन 4 से 5 हजार से भी ज्यादा यात्री बिना टिकट यात्रा करते हैं, ऐसे में योजना के लालच में यात्री टिकट खरीदकर यात्रा करेंगे. इस योजना के तहत विजेता का चयन स्टेशनों पर टिकट चेकर के चयन तरीके से किया जाएगा. मध्य रेलवे के प्रवक्ता स्वप्निल नीला ने कहा, "भाग्यशाली यात्री को अपना वैध टिकट या सीज़न पास दिखाना होगा, टिकट की जांच के बाद, नकद पुरस्कार तुरंत सौंप दिया जाएगा. योजना सभी यात्रियों के लिए खुली है, चाहे वे डेली टिकट के साथ यात्रा कर रहे हों या सीजन पास के साथ."

# बरसात में समन्वय बनाकर कार्य किया जाए -आयुक्त



**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत बरसात से पूर्व कार्य तेजी से चल रहा हैं और मनपा ने 31 मई से पहले सभी कार्यों को पूरा करने की योजना बनाई है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रशासन सभी कार्यों की बारीकी से निगरानी कर रहा है। यह बताते हुए आयुक्त सौरभ राव ने आज आयोजित एक बैठक में कहा कि बरसात के मौसम में उत्पन्न होने वाली किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मनपा की मशीनरी पूरी तरह तैयार है। उन्होंने सभी उपायुक्तों व सहायक आयुक्तों को वर्तमान में चल रहे कार्यों के संबंध में जनप्रतिनिधियों के सुझाव लेने और उसी अनुरूप कार्य करने तथा बरसात अवधि के दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिए।

सांसद नरेश म्हस्के ने बरसात पूर्व कार्यों की समीक्षा के लिए मनपा के नरेंद्र बल्लाल सभागृह में पूर्व नगरसेवकों और मनपा प्रशासन के साथ बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में आयुक्त सौरभ राव, अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) संदीप मालवी, शिवसेना सचिव राम रेपाले, शिवसेना महिला शहर अध्यक्षा मीनाक्षी शिंदे, नगर अभियंता प्रशांत सोनगरा, उपायुक्त जी.जी. गोदापुरे, मनीष जोशी, शंकर पटोले सहित सभी समितियों के सहायक आयुक्त और मनपा के पूर्व नगरसेवक उपस्थित थे।

बैठक की शुरुआत में उपायुक्त गजानन गोदेपुरे ने मनपा द्वारा किए गए मानसून पूर्व कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर स्थानीय प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विभागों में नागरिकों की समस्याएं रखीं। इस अवसर पर प्रशासन ने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी समस्याओं का तत्काल समाधान करें। आयुक्त सौरभ राव ने बताया कि शहर में बरसात पूर्व कार्य चल रहे हैं और सभी अधिकारियों को 30 मई तक सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी प्रभाग समितियों में नालों की सफाई का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है, लेकिन आयुक्त ने बताया कि नालों की सफाई फिर से कराई जाएगी, क्योंकि रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण पहाड़ों से बहकर कूड़ा करकट नालों में आ गई है।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उस खंड के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर काम करें। नाले की सफाई के साथ-साथ आंतरिक सीवर और सड़क के दोनों ओर के सीवर की भी सफाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि मानसून के मौसम में सड़क पर कोई गड्ढा न बने, इसके लिए सावधानी बरती गई है और यदि कोई गड्ढा बनता है तो उसे अत्याधुनिक तरीकों का उपयोग करके तुरंत भर दिया जाएगा।

### रिजल्ट देखने घर से निकली लड़की वापस नहीं आयी

**ठाणे.** शहर के कासरवडवली पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत घोडबंदर रोड इलाके में रहने वाली एक 17 वर्षीय लड़की दोपहर 10 वीं का रिजल्ट देखने के लिए कह कर घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी. परिवार वालों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया है. पुलिस ने बताया कि लड़की पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे घोड़बंदर इलाके में अपने घर से 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम देखने के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी, जिसके बाद उसके माता-पिता ने उसकी तलाश शुरू की. उसका कहीं पता नहीं चलने पर माता-पिता ने कासरवडावली थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है.

# रवि सावंत बने भिवंडी शहर जिला भाजपा जिलाध्यक्ष

- समर्थकों में खुशी की लहर, बधाई देने वालों का लगा तांता



**भिवंडी.** भारतीय जनता पार्टी की तरफ से रवि सावंत को भिवंडी शहर जिलाध्यक्ष चुना गया है. 2006 से बीजेपी में काम कर रहे रवि सावंत विधायक महेश चौघुले के कट्टर समर्थक के तौर पर जाने जाते हैं.रवि सावंत इससे पहले लगातार दो बार भाजपा युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष और दो बार शहर जिला महासचिव के पद पर रहे थे, जबकि वह वर्तमान अध्यक्ष के साथ शहर जिला उपाध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे.रवि सावंत के शहर जिलाध्यक्ष चुने जाने के बाद बीजेपी विधायक महेश चौघुले,पूर्व शहर जिला अध्यक्ष एड हर्षल पाटिल, उपाध्यक्ष,सुमित पाटिल, मनोज ठाकुर, महासचिव प्रवीण मिश्रा, महासचिव कल्पना शर्मा, राजू गाजेंगी,जिला सचिव बालमुकुंद शुक्ला,जिला सचिव अजीत सिंह ठाकुर, जिला उद्योग आघाड़ी अध्यक्ष उदयराज सिंह, जिला प्रसिद्धि प्रमुख पी डी यादव, पूर्व भाजपा उ प्र आघाड़ी प्रमुख मनोज सिंह, उ प्र जिला भाजपा आघाड़ी मंगेश यादव , प्रदेश उ प्र विभाग युवा सचिव अनिल केसरवानी, भाजपा युवा नेता प्रेम तिवारी, जिया लाल गुप्ता समेत कई पदाधिकारियों ने रवि सावंत को बधाई दी है.रवि सावंत ने संबोधन में कहा है कि पार्टी द्वारा दिया गया मौका मेरे जैसे छोटे कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ा अवसर है और यह भाजपा में ही संभव है.भविष्य में होने वाले भिवंडी मनपा चुनाव में हम सब मिलकर भारी सफलता हासिल करेंगे.वरिष्ठों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उनका भरोसा हमेशा कायम रखने की पूरी कोशिश होगी.

# ठाणे जिले में पहली मेट्रो लाइन-9 के पहले चरण की शुरुआत

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे।** मुंबई महानगर क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन पर मेट्रो लाइन-9 के पहले चरण का ट्रायल रन औपचारिक रूप से शुरू हुआ। इस अवसर पर ठाणे जिले में पहली मेट्रो सेवा के कार्यान्वयन की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।मेट्रो का उद्घाटन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया।इस अवसर पर डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम अजीत पवार भी उपस्थित थे।

इस दौरान मेट्रो का तकनीकी निरीक्षण भी किया गया।कार्यक्रम में परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, विधान परिषद सदस्य निरंजन डावखरे, विधायक नरेंद्र मेहता, विधायक मनीषा चौधरी और पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी के साथ एमएमआरडीए महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी, अतिरिक्त महानगर आयुक्त-1 विक्रम कुमार, एमएमआरडीए के प्रबंध निदेशक, एमएमएमओसीएल रूबल अग्रवाल, मीरा भायंदर आयुक्त राधाबिनोद शर्मा, अतिरिक्त जिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटिल, मीरा-भायंदर पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे, सहायक आयुक्त दत्ता शिंदे, प्रांतीय अधिकारी उर्मीला पाटिल, तहसीलदार नीलेश गौड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ठाणे मनपा स्कूलों का 10वीं कक्षा का परिणाम 91.98%

- पिछले साल 83.84 प्रतिशत परिणाम

**ठाणे.** एसएससी परीक्षा में ठाणे मनपा के कुल 23 माध्यमिक विद्यालयों में 91.98 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं।पिछले वर्ष यह अनुपात 83.94 प्रतिशत था। इस वर्ष चार मनपा माध्यमिक विद्यालयों में 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है।पिछले वर्ष तीन स्कूलों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।मनपा आयुक्त सौरभ राव ने सभी छात्रों को बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।इस वर्ष ठाणे मनपा के माध्यमिक विद्यालयों से 1323 विद्यार्थी 10 वीं कक्षा की परीक्षा में शामिल हुए।इनमें से 1217 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं।उपायुक्त (शिक्षा) सचिन सांगले ने बताया कि स्कूल क्रमांक 15 किसन नगर, स्कूल क्रमांक 16 सावरकर नगर, स्कूल क्रमांक 18 ज्ञान साधना और स्कूल क्रमांक 19 सावरकर नगर का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।वहीं चार मनपा स्कूलों का परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक रहा है।इस प्रकार मराठी माध्यम का कुल परिणाम 80.67 प्रतिशत रहा है।रात्रिकालीन स्कूलों (मराठी माध्यम) का परिणाम 62.50 प्रतिशत रहा।उर्दू माध्यम का परिणाम 97.78 प्रतिशत, अंग्रेजी माध्यम का परिणाम 92.47 प्रतिशत और हिंदी माध्यम का परिणाम 59.37 प्रतिशत रहा।

# सेना के सम्मान में ठाणे में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई



**ठाणे.** भारतीय सेना ने पाकिस्तान को सबक सिखाया और कश्मीर में हुए आतंकी हमले का बदला लिया। भारतीय नागरिकों की रक्षा करने वाले हमारे सैनिकों को धन्यवाद देने और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए बुधवार को ठाणे शहर में भारतीय सेना के सम्मान में एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।इस रैली में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्वयं शामिल थे।उनके साथ परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, सांसद नरेश म्हस्के,पूर्व विधायक रवींद्र फाटक,सचिव राम रेपाले,द्वारकानाथ भोईर, मनोज शिंदे,सहित समेत शिवसेना पदाधिकारी, नगरसेवक, कार्यकर्ता, शिवसैनिक और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।इस रैली के दौरान 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' जैसे देशभक्ति के नारे लगाए गए। इस समय सभी के चेहरे पर देश के प्रति गर्व और सेना के प्रति सम्मान झलक रहा था। नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक इस रैली में भाग लिया। यह रैली लगभग साढ़े तीन घंटे तक ठाणे के विभिन्न भागों से होकर गुजरी।रैली सरकारी विश्रामगृह के सामने से शुरू होकर ठाणे महानगरपालिका, गोखले रोड, वागले इस्टेट, इंदिरानगर, पाचपखाड़ी से होते हुए तिरंगा फहराते हुए लोगों का उत्साह बढ़ाते हुए ठाणे महानगरपालिका भवन के सामने समापन हुआ।

# छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती मनाई गई



उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे।** छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती 14 मई को जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में मनाई गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे, जिला मातृ एवं शिशु कल्याण अधिकारी डॉ. स्वाति पाटिल के साथ ही कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत छत्रपति संभाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प हार अर्पित कर अभिवादन किया गया।इसके महाराज के विचार जो उनकी असीम बहादुरी, निष्ठा और देशभक्ति के विषय में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई।

### फ्लोर जिम्नास्टिक में शर्वरी को स्वर्ण पदक



**नवी मुंबई.** केआरए अकादमी द्वारा संभाजी नगर में राज्यस्तरीय 'फ्लोर जिम्नास्टिक' स्पर्धा आयोजित की गई, जिसमें नवी मुंबई की रहने वाली 14 वर्षीय छात्रा शर्वरी पाटोले ने में 'स्वर्ण पदक' जीतकर अपने स्कूल और नवी मुंबई का नाम रोशन किया. शर्वरी की प्रशंसा समाज के सभी स्तरों पर हो रही है. शर्वरी उलवे स्थित रॅडक्लिफ स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ रही है. अविनाश मोरे और ज्योति शिंदे उनके कोच हैं. शर्वरी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम बनाने का सपना देखती है.

# दिव्यांगों का भिवंडी मनपा मुख्यालय के सामने धरना

उल्हास विकास संवाददाता





**भिवंडी.** भिवंडी मनपा क्षेत्र में विकलांग लोगों के साथ गलत व्यवहार किया जा रहा है. अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर दिव्यांग विकास महासंघ अध्यक्ष अशोक भोईर के नेतृत्व में मनपा मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया. इस आंदोलन में शहर के कई दिव्यांग महिला-पुरुषों ने भाग लिया.भोईर का आरोप है कि, वित्तीय वर्ष 2017-18 में बजट में दो करोड़ पांच लाख रुपये प्रावधान के दौरान मात्र 20 लाख 60 हजार रुपये खर्च हुए और 1 करोड़ 84 लाख रुपये शेष बची रह गई. दिव्यांग समुदाय सदस्यों के साथ समय-समय पर अन्याय होता रहा है और उनकी कई मांगों के साथ-साथ स्वयं सहायता समूहों के लिए ऋण सीमा 5 लाख रुपये और 10 लाख रुपये करने की मांग की गई है. मांगो में प्रमुख मांग 2017-18 विकलांगता निधि शीघ्र वितरित की जाए, विकलांगता पेंशन हर माह वितरित की जाए.

विकलांगता को 2 लाख रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाए. विकलांगता स्टाल को शीघ्र अनुमति दी जाए. विकलांगता को विवाह वित्तीय सहायता रुपये की व्यवस्था की जाय. दिव्यांग खिलाड़ियों का मानधन 25 हजार से 1लाख रुपया किया जाय। दिव्यांग को कृत्रिम अवयव दिया जाय, दिव्यांग के लिए घरकुल योजना शुरू की जाय.दिव्यांगों के लिए परामर्श केन्द्र शुरू करने जैसी विभिन्न मांगों का ज्ञापन अपर आयुक्त को सौंपा गया.

# कांस 2025- पैरेट क्लच लेकर पहुंचीं उर्वशी

- देश में चल रहे तनाव के बीच आलिया का डेब्यू कैंसिल
- हॉलीवुड एक्टर रॉबर्ट ने डोनाल्ड ट्रंप को कहा असभ्य प्रेसिडेंट



78वे कांस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 13-24 मई को हो रहा है। 13 मई को फेस्टिवल के पहले दिन उर्वशी रौतेला ने दुनियाभर के कई मशहूर लोगों के साथ रेड कार्पेट पर वॉक की। वहीं इंडियन फिल्ममेकर पायल कपाड़िया इस साल कांस की ज्यूरी मेंबर बनी हैं, जिनकी फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट ने बीते साल कांस में ग्रैंड प्रिक्स अवॉर्ड अपने नाम किया था। आलिया भट्ट इस साल कांस के रेड कार्पेट पर डेब्यू करने वाली थीं, हालांकि देश में चल रहे तनाव के चलते उनका डेब्यू कैंसिल हो चुका है।

78वें कांस फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन यानी 14 मई को आलिया भट्ट कांस के रेड कार्पेट पर डेब्यू करने वाली थीं, हालांकि अब उनका डेब्यू कैंसिल हो चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, आलिया ने भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के चलते ये फैसला लिया है। उन्हें इस सेंसिटिव टाइम में कांस का हिस्सा बनना ठीक नहीं लग रहा था।

डाकू महाराज एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला कांस के पहले दिन रेड कार्पेट पर मल्टीकलर गाउन पहनकर पहुंची थीं। डायमंड क्राउन और पैरेट क्लच से उर्वशी ने हर किसी का ध्यान खींच लिया। उर्वशी ने जूडिथ लीबर का 5 हजार डॉलर कीमत वाला क्रिस्टल पैरेट क्लच कैरी किया था। वहीं दूसरी तरफ ये फिल्म फेस्टिवल पाम डिओर जीतने वाले एक्टर रॉबर्ट डी नीरो के उस बयान से भी सुर्खियों में रहा, जिसमें उन्होंने US प्रेसिडेंट पर निशाना साधते हुए मंच पर उन्हें असभ्य प्रेसिडेंट कहा है।

फिल्म फेस्टिवल में पहले दिन पहुंचकर उर्वशी फ्रेंच कॉमेडी ड्रामा पारतिर उन जोर की स्क्रीनिंग में शामिल हुई थीं। कांस फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन टाइटैनिक एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो पाम डिओर अवॉर्ड के प्रेजेंटर बने थे। वो रेड कार्पेट पर नहीं पहुंचे थे, हालांकि जैसे ही वो अवॉर्ड प्रेजेंट करने पहुंचे, तो उन्हें स्टैंडिग ओवेशन दी गई।

उल्हास वि NEWS LIVE FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर Since 1985

Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099